विज्ञापन संख्या ......01..../2026

बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर।

दिनांक – 17/09/2026

बिहार पुलिस अकादमी में परिवीक्ष्यमान पुलिस उपाधीक्षकों एवं प्रशिक्षु पुलिस अवर निरीक्षकों को वाह्य विषयों का उच्च स्तरीय प्रशिक्षण देने के लिए आंतरिक अनुदेशकों के रूप में सेना/अर्धसैनिक बल से सेवानिवृत्त सूबेदार/पदाधिकारी तथा हवलदारों की आवश्यकता है जिन्हें संविदा के आधार पर साक्षात्कार द्वारा नियोजित किया जाना है।

इस कार्य हेतु इच्छुक उम्मीदवारों से बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर में वाह्य अनुदेशक के पद हेतु शारीरिक परीक्षा एवं साक्षात्कार के माध्यम से चयन के लिए आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

1. <u>पदवार आवश्यकता</u> :

| रैंक | पारिश्रमिक | पद | आवश्यकता | अर्हता |
|---|---|---|---|---|
| सेना/अर्धसैनिक बल से सेवानिवृत हवलदार/सिपाही | 20,000 रुपये प्रति माह | ड्रील अनुदेशक एवं शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक | 11 | • किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से मैट्रिक उत्तीर्ण।<br>• सेना/अर्धसैनिक बल में न्यूनतम 5 वर्षों का अनुदेशन कार्य का अनुभव।(अनुदेशन का अनुभव प्रमाणपत्र अनिवार्य)<br>• उम्र अधिकतम 65 वर्ष (01.10.2026 को ) |
| | | विपन हैंडलिंग एवं आईईडी अनुदेशक | 3 | |
| सेना/अर्धसैनिक से सेवानिवृत सूबेदार (पदाधिकारी) | 30,000 रुपये प्रति माह | ड्रील अनुदेशक एवं शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक | 27 | |
| | | विपन हैंडलिंग एवं आईईडी अनुदेशक | 2 | |

2. <u>शारीरिक परीक्षा हेतु मापदंड</u>

   a. शारीरिक परीक्षा अनुदेशक : 1600 मीटर दौड़ 10 मिनट।

   b. ड्रील अनुदेशक : ड्रील की कार्यवाही एवं कमांड की कार्रवाई।

   c. विपन हैंडालिंग अनुदेशकः एसएलआर, इन्सास, .303, AK47, 9mm पिस्टल से संबंधित की जाने वाली कार्रवाई।

3. <u>चयन की प्रक्रिया</u>

   a. शारीरिक परीक्षा

   b. साक्षात्कार

   c. दस्तावेज सत्यापन

**4. महत्वपूर्ण तिथि**

आवेदन करने की प्रारंभ तिथि : 01.10.2026

आवेदन करने की अंतिम तिथि : 16.10.2026

शारीरिक परीक्षा/साक्षात्कार/दस्तावेज सत्यापन की तिथि : 27-30.10.2026

(नोट: Shortlisted उम्मीदवारों को शारीरिक परीक्षा/साक्षात्कार/दस्तावेज सत्यापन की तिथि की सूचना उनके द्वारा दिए गए ईमेल पर या अकादमी के वेबसाइट पर दी जाएगी)

**5. आवेदन करने की प्रक्रिया:**

- विज्ञापन के सभी निर्देशों को ध्यान पूर्वक पढ़ने उपरांत अनुलग्नक के रूप में संलग्न आवेदन को स्पष्टतः भरेंगे।
- आवेदन के साथ निम्नलिखित स्व–अभिप्रमाणित प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करेंगे:

  1. शैक्षणिक योग्यता प्रमाण-पत्र
  2. अनुभव प्रमाण पत्र
  3. निवास प्रमाण पत्र (06 माह के भीतर का निर्गत)
  4. चरित्र प्रमाण पत्र (06 माह के भीतर का निर्गत)
  5. दो परिचय पत्र यथा आधार कार्ड एवं पैन कार्ड
  6. सेवा निवृत्ति संबंधी प्रमाण पत्र

- तदुपरांत आवेदन को उपरोक्त सभी अनुलग्नकों सहित अकादमी के सरकारी ईमेल आईडी biharpolice.academy@bihar.gov.in पर भेजेंगे या पत्राचार का पता "अपर पुलिस महानिदेशक सह निदेशक, बिहार पुलिस अकादमी छबिलापुर रोड राजगीर पिन-803116" पर भारतीय डाक के माध्यम से या स्वयं उपस्थित होकर समर्पित करेंगे। आवेदन सभी अनुलग्नकों सहित निर्धारित तिथि तक अकादेमी में प्राप्त हो जानी चाहिए। निर्धारित तिथि एवं समय तक प्राप्त नहीं होने वाले आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
- साक्षात्कार की तिथि को सभी उम्मीदवार ऊपर लिखित सभी प्रमाणपत्र को मूल में एवं हाल ही का लिया हुआ 03 पासपोर्ट साइज़ कलर फोटो के साथ उपस्थित होंगें।

**6. सेवा शर्तें :**

1. नियोजन संविदा के आधार पर 11 माह के लिए होगा। आवश्यकतानुसार अवधि विस्तार का अधिकार बिहार पुलिस अकादमी के पास सुरक्षित रहेगा। विस्तार संबंधी अकादमी का निर्णय अंतिम होगा।
2. योगदान तिथि से 11 माह में केवल **20** दिनों का अवकाश देय होगा। 20 दिनों से अधिक अनुपस्थिति पर अतिरिक्त अवधि का मानदेय नहीं मिलेगा। 30 दिनों से अधिक अनुपस्थिति पर संविदा बिना नोटिस दिए समाप्त की जा सकती है।

3. संविदा के आधार पर नियोजित व्यक्ति सरकारी सेवक नहीं माने जाएंगे एवं सरकारी सेवक को अनुमान्य किसी भी सुविधा के हकदार नहीं होंगे तथा नियोजन के बाद नियमितीकरण का दावा मान्य नहीं होगा। यह नियोजन अस्थायी होगा।

4. संविदा की अवधि समाप्ति के पूर्व यदि आपकी अवधि विस्तार नहीं की जाती है तो नियोजन स्वतः समाप्त समझा जाएगा, इसके लिए लोई आदेश निर्गत किया जाना अपेक्षित नहीं होगा।

5. शारीरिक परीक्षा/साक्षात्कार/दस्तावेज सत्यापन हेतु कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

6. उपरोक्त चयन अकादमी द्वारा गठित समिति द्वारा किया जाएगा।

7. आप बिहार पुलिस अकादमी के निदेशक के नियंत्रणाधीन पूर्ण अनुशासन एवं निष्ठा से कार्य करेंगे।

8. अकादमी द्वारा प्रदत्त आयुध, हथियार, गोला-बारूद एवं अन्य सरकारी उपकरण नियमों के अनुसार लौटाने होंगे। इन पर कोई निजी अधिकार नहीं होगा। अवैध उपयोग या समय पर न लौटाना दण्डनीय अपराध होगा।

9. गैर कानूनी कार्य या अवैध गति विधि मे संलिप्त पाए जाने या अन्य कोई अवैध परिस्थिति मे आपके विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई की जा सकेगी ।

10. नियंत्री पदाधिकारी द्वारा दिये गये सभी आदेशों का पूर्ण अनुशासन एवं निष्ठा से पालन करना होगा।

11. कार्यकाल के दौरान निर्धारित वर्दी धारण करनी होगी। संविदा समाप्ति के बाद वर्दी धारण नहीं की जा सकेगी।

12. अकादमी से संबंधित किसी भी सूचना, आसूचना या आदेश की गोपनीयता भंग नहीं की जाएगी। यह बाध्यता संविदा समाप्ति के बाद भी लागू रहेगी।

13. भारत के संविधान, राज्य सरकार, बिहार पुलिस एवं अकादमी के प्रति निष्ठावान रहेंगे। इनके विरुद्ध किसी भी कार्य या आचरण के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

14. पद एवं जिम्मेदारियों का दुरुपयोग नहीं करेंगे तथा कोई अनुचित लाभ (नगद या वस्तु रूप में) स्वीकार नहीं करेंगे।

15. किसी राजनीतिक दल, जातिगत, धार्मिक या व्यावसायिक संगठन से संबंध नहीं रखेंगे। यूनियन/एसोसिएशन की सदस्यता भी नहीं लेंगे।

16. यदि सेवा अवधि में कोई सजा/न्यायिक दण्ड मिला हो या आपराधिक संलिप्तता पायी गई हो, तो आप कार्य हेतु अयोग्य माने जाएंगे।

17. अनुशासनहीनता, कर्तव्य हीनता, कदाचार या चारित्रिक दोष के आधार पर संविदा आधारित नियोजन बिना नोटिस समाप्त की जा सकती है।

18. असंतोषजनक सेवा के मामले में 01 माह का नोटिस देकर संविदा आधारित नियोजन समाप्त की जा सकती है।

19. व्यक्तिगत कारणों से संविदा समाप्त करने के लिए 01 माह पूर्व लिखित सूचना देनी होगी। अकादमी द्वारा आदेश जारी होने तक आप कार्यरत माने जाएंगे।

20. शारीरिक अस्वस्थता, विकलांगता या असाध्य रोग के कारण संविदा आधारित नियोजन बिना नोटिस समाप्त की जा सकती है।

21. निदेशक, बिहार पुलिस अकादमी संविदा समाप्त करने के सक्षम प्राधिकार हैं। इसके विरुद्ध कोई अपील का प्रावधान नहीं होगा।

22. नवीन संविदा पर कार्य लेने की स्थिति में नया अनुबंध हस्ताक्षरित करने के बाद ही कार्य आरंभ माना जाएगा। स्थायी समायोजन का कोई दावा मान्य नहीं होगा।

23. संविदा के शर्त को लेकर विवाद की स्थिति में निपटारे से संबंधित अंतिम निर्णय बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर का होगा।

24. निर्धारित मानदेय के अतिरिक्त अन्य कोई भत्ता एवं सुविधा देय नहीं होगा।

अपर पुलिस महानिदेशक-सह-निदेशक, बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर का अनुमोदन प्राप्त है।

सहायक निदेशक (प्रशासन)
बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर

Signed by
Lalbabu Yadav
Date: 17-09-2026 17:16:23

# आवेदन का प्रपत्र

पासपोर्ट साईज
का एक फोटोग्राफ

1. विज्ञापन संख्या :
2. आवेदक का नाम :
3. पिता/पति का नाम :
4. जन्म तिथि :
5. राष्ट्रीयता :
6. वैवाहिक स्थिति :
7. सेवा निवृति तिथि :
8. मोबाईल नं0 एवं ई–मेल आईडी :
9. वर्तमान पत्ता :

10. स्थायी पत्ता :

11. शैक्षणिक योग्यता (सभी का छायाप्रति संलग्न करें) :

12. अनुभव/दक्षता :

13. संलग्न दस्तावेजो की सूची :
    क.
    ख.
    ग.
    घ.

14. आवेदक का अन्डरटेकिंग :
    - मेरे द्वारा विज्ञापन में उल्लेखित सभी नियमों एवं शर्तों को अच्छी तरह पढ़ने/समझने के उपरांत यह आवेदन दिया जा रहा है।
    - मेरे द्वारा इस आवेदन में भरे गये सभी तथ्य/संलग्न अभिलेख तथा प्रमाण पत्र मेरी जानकारी के अनुसार सत्य है। किसी स्तर पर गलत पाये जाने पर बिहार पुलिस अकादमी यथोचित आवश्यक कार्यवाही हेतु स्वतंत्र होगी।

आवेदक का हस्ताक्षर